प्रबंधकीय संसाधन के लिए महत्वपूर्ण है भगवद्गीता

रांची | प्रमुख संवाददाता

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची में अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस की ओर से मंगलवार को वार्ता का आयोजन किया गया। इसका विषय था- भगवद्गीता से प्रबंधन पाठ। इसमें अतिथि वक्ता के रूप में बीआईटी मेसरा और लखनऊ विवि के पूर्व कुलपति डॉ मनोज कुमार मिश्रा मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि भगवद्गीता का दर्शन सिर्फ आध्यात्मिक परिप्रेक्ष्य नहीं है, बल्कि प्रबंधकीय प्रभावशीलता के लिए भी एक महत्वपूर्ण संसाधन है। डॉ

वार्ता कार्यक्रम

- आईआईएम रांची में भगवद्गीता से प्रबंधन पाठ पर वार्ता आयोजित
- बीआईटी मेसरा और लखनऊ विवि के पूर्व कुलपति ने रखे विचार

मिश्रा ने कहा कि गीता का प्रबंधन पाठ भविष्य के प्रबंधकों को बाहर प्रभावी बनने के लिए भीतर काम करने के लिए कहता है। उन्होंने गीता के दर्शन को प्रबंधन प्रथाओं पर नैतिक दृष्टिकोण से भी जोड़ा। मौके पर आईआईएम रांची के निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह समेत अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

Hindustan, 28.08.2019, Pg. 22